# Patliputra University, Patna

Estd. : March 2018

पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना



श्री फागू चौहान
महामहिम राज्यपाल सह कुलाधिपति
बिहार



प्रो. आर. के. सिंह
माननीय कुलपति
पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना

BIHAR

Http://www.ppup.ac.in/




**MESSAGE**

"The end product of education should be a free creative man who can battle against historical circumstances and adversities of nature"-Radha Krishnan

**VISION**

To create human resource with high calibre by inculcating human values, self esteem and true nationalist pride to serve the society by setting-up high benchmarks befitting with the global needs to elevate overall moral and social standard for the service of mankind.

**MISSION**

To develop an ingenious system including modern teaching-learning applications, furtherance of high-end research in all engineering, sciences, social sciences, humanities and health sciences with commitment to the social and environmental sustainability, using effective network of various stakeholders and develop brotherhood, patriotism truthfulness, meritocracy and public awareness.

**EDITORIAL BOARD**

**Patron**
**Prof. R. K. Singh**
**Vice Chancellor**


**EDITORS**

**Prof. Manoj Kumar (Co-ordinator)**
**Prof. A. K.Nag (Member)**
**Prof. Shalini (Member)**
**Prof. Anil Kumar (Member)**
**Dr. Shiv Kr. Yadav (Member)**
**Dr. Suresh Kumar (Member)**
**Dr. B.K.Manglam (Member)**
**Anita Sagar (Member)**
**Technical Assistant : Paramjeet Kumar**

## स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना

- स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग के प्री-पी.एच.डी. कोर्स में आयोजित फणीश्वरनाथ रेणू की जन्मशती के अवसर पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान कुलसचिव डॉ. जितेन्द्र कुमार ने कहा कि 'मैला आँचल' भारतीय आत्मा का प्रतिबिम्बित करती है और कॉलेज ऑफ कॉमर्स, आर्ट्स एण्ड साइन्स के प्राचार्य प्रो. तपन कुमार शांडिलय जी ने फणीश्वरनाथ रेणू की रचनाओं में वर्णित बिहार की गरीबी एवं ग्रामीण दुर्दशा को अर्थशास्त्र के नोबल पुरस्कार विजेता गुर्नार मिर्डल की पुस्तक एशियन ड्रामा से तुलना की।
- विभागाध्यक्ष प्रो. छाया सिन्हा की अध्यक्षता में 'शोध और आलोचना' विषय पर संगोष्ठी आयोजित हुई। जिसमें 16 छात्र-छात्राओं ने अपने शोध आलेखों को प्रस्तुत किया।
- विश्व हिन्दी दिवस का सफलता पूर्वक ऑनलाइन आयोजन किया गया।
- छायावाद के स्तंभ कवि सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला जयंति सह काव्य पाठ का ऑनलाइन आयोजन किया गया जिसमें प्री पी.एच.डी. के कई शोधार्थियों ने अपनी स्वरचित कविताओं से जीवन और जगत् की समस्याओं से रूबरू कराया।




## P.G. DEPARTMENT OF ZOOLOGY, PPU

- World Environment day was celebrated. Seed and plants were distributed to PG students, PPU. On this day bird's nest were placed and water was also kept for birds by the students at different places in college campus-College of Commerce, Arts and Science, Patna.
- Students of Pre Ph. D. Department of Zoology visited Indian Research Complex, Patna for workshop on instrumentation. It was very beneficial three day program.




## P.G. DEPARTMENT OF BOTANY, PPU

- Swachh Bharat Abhiyan poster making competition was held on 8th April 2022, for PG students of University Department and T.P.S College, Botany Department. First prize was won by Anukriti Anand, second prize by Ankita and third prize by Kajal Singh.
- Educational and Botanical trip was organized for University PG students and Department of Botany & Biotechnology, T.P.S College under the supervision of Dr. Vinay Bhushan, to Rajgir and Nalanda, on April 15th, 2022 .
- "Earth Day" was celebrated on April 22nd 2022, tree plantation drive was done to encourage students for plantation in college campus, park and in their residence also.




## A. N. COLLEGE, PATNA

- विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय के एन एस. एस. इकाई के द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पर्यावरण विभाग के द्वारा भी कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
- कॉलेज के पुस्तकालय सभागार में 'सतत विकास के लिए हरित प्रौद्योगिकी' विषय पर एस. एन. सिन्हा व्याख्यान माला की 23वीं कड़ी का आयोजन किया गया।
- कॉलेज के पुस्तकालय सभागार में 'आज आपको क्या हुआ? क्या आप अपनी डायरी को बताएंगे?' विषय पर एस. एन. सिन्हा व्याख्यान माला की 24वीं कड़ी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता हेलेन. डी. लॉकवुड प्रोफेसर ऑफ इंग्लिश, वासर कॉलेज, न्यूयॉर्क एवं अमेरिका के प्रोफेसर अमिताव कुमार ने सम्बोधित किया।
- कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता (2021-22) का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. आर. के. सिंह ने हर्ष व्यक्त किया तथा शारीरिक स्वस्थता एवं मानसिक विकास में खेल-कूद की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को खेल-कूद में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।
- कॉलेज के पुस्तकालय सभागार में 'आजादी का अमृत महोत्सव' के उपलक्ष्य में 'स्वाधीन भारत में सांस्कृतिक पुनरुत्थान के आयाम' विषय पर साहित्य संस्कृति फाउंडेशन, केंद्रीय हिंदी संस्थान (शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार) एवं हिंदी विभाग ए. एन. कॉलेज पटना के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई।





**BIHAR**

Http://www.ppup.ac.in/




**ABOUT US**

Patliputra University, Patna was established on 18th March, 2018, by the order of the Government of Bihar, vide Letter/memo no. 15/M1-71/2016-700, dated 09.04.2018. All the colleges of Patna and Nalanda districts, Bihar (India), fall under the jurisdiction of the Patliputra University except those attached to the Patna University. The University has control over 26 constituent colleges, two government girls colleges, three minority colleges and a number of affiliated colleges. Many of these colleges are running university-approved post-graduate centres in various subjects besides skill-oriented courses in vocational and technical/professional areas. These affiliated units are governed by their governing local bodies and duly constituted management board approved by the university.

**HIGHLIGHTS**

Academic Calendar

Results Schedule

VC Lecture Series

## COLLEGE OF COMMERCE, ARTS AND SCIENCE, PATNA

- 12 अप्रैल को कॉलेज परिसर में NSS द्वारा स्तन कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रूबन हास्पिटल के डॉ. संदीप ने कैंसर के तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला जबकि डॉ विंदा सिंह ने कहा कि स्तन कैंसर सिर्फ महिलाओं की समस्या नहीं है बल्कि एक प्रतिशत पुरुषों में भी स्तन कैंसर के केस पाए गए हैं। कार्यक्रम में गुलमोहर मैत्री की सचिव मंजू सिंहा एवं NSS की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. स्मिता कुमारी एवं डॉ. राजीव रंजन ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर जन्तु-विज्ञान विभाग की विभागध्यक्षा प्रो. बिन्दु सिंह एवं NSS टीम लीडर रोहित कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।
- 22 अप्रैल को अर्थ डे के अवसर पर महाविद्यालय में जंतु विज्ञान विभाग, वनस्पति विज्ञान विभाग, भूगोल विभाग के द्वारा वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं वृक्षारोपण के साथ-साथ निबंध प्रतियोगिता का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कई छात्र एवं छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया एवं छात्र-छात्राओं को प्राचार्य ने पुरस्कृत किया।
- स्नातकोत्तर कॉमर्स विभाग, पी.पी.यू. द्वारा द्वितीय सत्र के छात्र-छात्राओं का स्वागत एवं चतुर्थ सत्र का विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

## J. D. WOMEN'S COLLEGE, PATNA

- Jaya Kumari won Gold medal in Patna District Karate Championship-2022, held at Patliputra Sports Complex, Patna on 17th April 2022.
- Aradhya Kumari won Gold in 1500 mtr. race in All India National Game-2022, held at Goa form 20.04.2022 to 22.04.2022.
- 'Career Mentoring Seminar' organized in Collaboration with Academy Tax4wealth.
- 'Earth Day' celebrated by Dept. of Botany on 25th April 2022 and special lecture delivered by Ketan Anna, ISHA Foundation on Save Soil Movement by Sadguru.
- I.Q.A.C. organized a music concert of Sativik Veena, presented by Spic Macay. Pandit Salil Bhatt (Nominee of Canadian Grammy Award) played different classical raga in the auditorium on 27.04.2022.

## SRI ARVIND MAHILA COLLEGE, PATNA

- 1 अप्रैल को राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा फ्रेशर और विदाई समारोह का आयोजन एवं पोषण पखवाड़ा के अवसर पर गृह विज्ञान विभाग द्वारा जगदीश मेमोरियल हॉस्पिटल पटना के सहयोग से मुफ्त में एनीमिया की जांच के लिए एक शिविर लगाई गई।
- 4 अप्रैल को अर्थशास्त्र विभाग और SEBI के द्वारा संयुक्त रूप से Financial Markets पर आधारित एक ऑनलाइन क्विज का आयोजन एवं गृह विज्ञान विभाग द्वारा एनिमिया के रोकथाम पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया
- 7 अप्रैल को अंग्रेजी विभाग द्वारा एक व्याख्यान-'Universal Appeal in the Dramas of William Shakespeare' का आयोजन किया गया।
- 13 अप्रैल को इतिहास विभाग द्वारा डॉ. भीम राव अम्बेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक था-'Dr. Bhim Rao Ambedkar and Hindu Code Bill with Reference to Women's Right.'
- 14 अप्रैल को राजनीति विज्ञान विभाग और दर्शनशास्त्र विभाग के संयुक्त सहयोग से अंबेडकर जयंती एवं महावीर जयंती के अवसर पर ऑनलाइन क्विज का आयोजन किया गया।
- 25 अप्रैल को इतिहास विभाग के द्वारा वीर कुंवर सिंह जयंती के अवसर पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसमें विभाग के शिक्षकों तथा छात्राओं के द्वारा वीर कुंवर सिंह के व्यक्तित्व तथा कृत्यों पर चर्चा की गई।

## T. P. S. COLLEGE, PATNA

- 15 अप्रैल को शैक्षणिक परिभ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत व्यावसायिक पाठ्यक्रम B.B.M., B.C.A. & Bio-Technology के छात्र-छात्राओं को राजगीर, नालन्दा एवं पावापुरी का भ्रमण कराया गया।
- 27 अप्रैल डॉ. श्वेता शर्मा, सहायक प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान विभाग ने प्रयत्न संस्था द्वारा आयोजित राष्ट्रीय वेबिनार में "Understanding Rule of Law in a Constitutional Democracy" विषय पर व्याख्यान दिया।













**BIHAR**

Http://www.ppup.ac.in/




**HIGHLIGHTS**

Streamlining Session

Ph. D. Progress Report

Transparency in Admission

Monthly News Letter, PPU

Examination Guideline

**Research and Innovation**

**Ph. D. Course Work**

**Music Club**

## SARDAR PATEL MEMORIYAL COLLEGE, UDANTPURI, NALANDA

- अन्तर महाविद्यालय, बॉक्सींग प्रतियोगिता में सोनू कुमार को स्वर्ण पदक, नीतीश कुमार पाठक एवं अमरदीप कुमार को रजत पदक, सन्नी कुमार को कांस्य पदक प्राप्त हुआ।
- अन्तर महाविद्यालय कराटे प्रतियोगिता में सन्नी कुमार को रजत पदक एवं अमरदीप कुमार को कांस्य पदक प्राप्त हुआ।
- 22 अप्रैल को महाविद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस पर पृथ्वी के संरक्षण में योगदान देने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में शिक्षक, शिक्षेत्तरकर्मी एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।





## GOVERNMENT DEGREE COLLEGE, RAJGIR, NALANDA

- आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर क्विज एवं भाषण प्रतियोगिता तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें सर्वश्रेष्ठ पाँच विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया।
- महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्लम बस्तियों के बच्चों के बीच पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया एवं महाविद्यालय के आसपास स्लम बस्तियों के बच्चों को स्वच्छता एवं शिक्षा के प्रति जागरूक किया।



## राम रतन सिंह महाविद्यालय, मोकामा

- 13 अप्रैल को महाविद्यालय प्रांगण में प्राचार्य प्रो. (डॉ.) विपिन कुमार की अध्यक्षता में अर्थशास्त्र विभाग एवं गणित विभाग द्वारा वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार (फूटवेयर डिजाइन एवं विकास संस्थान) के तत्त्वावधान में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और प्रशिक्षण हेतु महत्वपूर्ण संगोष्ठी का अयोजन किया गया। इसमें स्थानीय अभिभावकों एवं युवा बेरोजगारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रचार्य ने वर्तमान में बेरोजगारी की स्थिति को देखते हुए ऐसे कार्यक्रम को रोजगार परख एवं योग्यता में वृद्धि का एक सुगम मार्ग बताया। इस कार्यक्रम के द्वारा प्रशिक्षत छात्र-छात्राओं में यथाशीघ्र कैंपस प्लेसमेंट की संभावना जगी।





## राजकीय महिला महाविद्यालय, गुलजारबाग, पटना

- महिला दिवस के अवसर पर छात्राओं के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका विषय-'महिला सशक्तिकरण पर घरेलू हिंसा : चुनौती एवं समाधान' था। मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में बिहार की प्रथम महिला मेयर श्रीमती सीता साहू ने अपने वक्तव्य से छात्राओं को संबोधित किया।
- महाविद्यालय में स्कील डेवलपमेंट क्लास की ओर से ऑनलाइन रंगारंग कार्यक्रम में छात्राओं ने अपने कलाकृतियों का प्रदर्शन किया।
- सांइस एक्टिविटी ग्रुप की ओर से विश्व गोरैया दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने तरह-तरह के मॉडल एवं पोस्टर प्रतियोगिता को दर्शाया।





## मालतीधारी महाविद्यालय, नौबतपुर

- अम्बेडकर जयंती के अवसर पर महाविद्यालय प्रांगण में क्विज, भाषण और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय-"डॉ. भीमराव अम्बेडकर और भारतीय संविधान" था। इसमें महाविद्यालय के अनेक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।
- महाविद्यालय के आई.क्यू.ए.सी. के द्वारा 26 अप्रैल, 2022 को स्पेशल लेक्चर-"भूगोल से जाने देश का इतिहास" विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में हिन्दूस्तान टाइम्स के प्रसिद्ध पत्रकार श्री मैमेन मैथ्यू शामिल हुए।
- राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट-2 के द्वारा मई दिवस पर क्विज प्रतियागिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय-"International Labour Day" था, जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।



## S. U. COLLEGE, HILSA

- 'Swachchhta Pakhwara', an awareness programme to create awareness among the college students was launched on 30th April, 2022 in the college campus. The programme which was slated to be held from 21th March, to 4th April, 2022 was inaugurated by Dr. Parmanand Pandit, former Prof.-in-charge. A total of six lectures were delivered by different teachers and the function came to an end on 4th april 2022 by the address of the present Professor-in-charge Dr. Jawahar Pd. Singh.



BIHAR

Http://www.ppup.ac.in/




**HIGHLIGHTS**

Student Grievance Redressal Cell

Academic Activities

E-library / Inflibnet

Principals Meeting with VC for Development of College Infrastructure

Webinar, Conference (National / International)

AISHE DCF-I Uploaded

Interdisciplinary Research

Sports Board

# बिन्देश्वर सिंह महाविद्यालय, दानापुर

पटना–800012

(पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की एक अंगीभूत इकाई, पटना–800020)

प्रधानाचार्य कार्यालय वेबसाईट–https:/bscollegedanapur.ac.in ई-मेल–bscollegednr@gmail.com

बी.एस. कॉलेज के मनीषी संस्थापक बाबू बिन्देश्वर सिंह ने कठोर परिश्रम से अर्जित अपनी संपत्ति में से एक लाख रुपये दान स्वरूप समर्पित किये। फलस्वरूप 21 दिसम्बर 1954 ई. को अत्यंत पिछड़े हुए इस दियारा क्षेत्र दानापुर के बौद्धिक उन्नयन हेतु कॉलेज की स्थापना हुई। सोन और गंगा के संगम पर अवस्थित यह महाविद्यालय पिछड़े एवं गरीब छात्रों के लिए वरदान है।

स्थापना काल से बिहार, पटना एवं मगध विश्वविद्यालय की यात्रा करता हुआ यह कॉलेज 18 मार्च 2018 से पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में अवस्थित हो गया है।

यहाँ स्नातक स्तर पर कला एवं विज्ञान के 13 पारपंरिक विषयों की पढ़ाई होती है। व्यावसायिक विषयों में एम.बी.ए., एम.सी.ए., बी.सी.ए., बी.बी.एम, बी.लिस. एवं बी.एस.सी. आई.टी. की पढ़ाई होती है। निकट भविष्य में कला एवं विज्ञान के विभिन्न स्नातकोत्तर विषयों एवं वाणिज्य विषय में स्नातक स्तर पर अध्ययन आरम्भ होने की संभावना है। शैक्षणिक, आधारभूत संरचना, भौगोलिक एवं हर दृष्टिकोण से समृद्ध इस महाविद्यालय के निरंतर विकास के लिए हम सतत प्रयत्नशील हैं।

(प्रो. (डॉ.) जितेन्द्र रजक)
प्रधानाचार्य
बी.एस. कॉलेज, दानापुर, पटना–12

## बिन्देश्वर सिंह महाविद्यालय, दानापुर

- महाविद्यालय के द्वारा फिट इंडिया फ्रीडम दौड़ एवं रक्तदान शिविर का आयोजन।
- कोविड से बचाव के लिए शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- बिहार दिवस के अवसर पर श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता में महाविद्यालय के प्रतिभागियों को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आर. के. सिंह साथ ही पटना विश्वविद्यालय एवं नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति की गरिमामयी उपस्थिति थी।
- बागपत एवं मेदनीपुर में मई में आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए चयनित प्रतिभागियों को प्रधानाचार्य एवं पदाधिकारीगण ने प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया।
- पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आर. के. सिंह ने राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में बिहार का प्रतिनिधित्व करने व कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु बी.एस. कॉलेज, दानापुर के एन.एस.एस. के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के एन.एस.एस. कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुजीत कुमार दुबे एवं राष्ट्रीय सेवा योजना बी. एस. कॉलेज, दानापुर ईकाई के वरीय स्वयं सेवक सिद्धार्थ भारद्वाज भी उपस्थित रहे। छात्र प्रणव चौहान, सचिन कुमार, स्वयं गुप्ता, क्रीति मुस्कान को सम्मानित किया गया।
- महाविद्यालय प्रांगण में NSS स्वयंसेवी के द्वारा योग अभ्यास कराया गया।
- महाविद्यालय प्रांगण में रेड रिबन क्लब के द्वारा 'न्यू इंडिया @75' कैंपेने के प्रथम चरण में 'एड्स जागरूकता' विषय पर वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्राचार्य ने सभी विजेताओं को बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति पटना के द्वारा प्राप्त उपहार स्वरूप प्रतियोगिता परीक्षाओं से सम्बन्धित पुस्तकें प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान-शिवानी कुमारी (हिन्दी प्रतिष्ठा), द्वितीय स्थान-सिद्धार्थ भारद्वाज (एम.बी.ए) एवं तीसरा स्थान स्मृति (अग्रेजी प्रतिष्ठा) का रहा।



















*"News Letter" for this Month in coordination with B. S. College, Danapur, Patna*

*Anita Sagar (Editorial Member & Technical Support) with Dr. Neeraj Prakash (Satyam Publication)*

Printed by : Satyam Publication, Delhi & Patna, Mob. : 7004979511, 9386365631